# *Delhi Public School, Howrah*

**PERIODIC TEST-II (2025-2026)**
**CLASS- XII**

*Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.*

**विषय : हिंदी - सं. (302)**

**अवधिः 3 घंटे** **पूर्णांक = 80**

**सामान्य निर्देश -**

(1) इस प्रश्न पत्र में तीन खंड है- खंड क, ख और ग।
(2) खंड- (क) में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए है। सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं।
(3) खंड- (ख) में अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
(4) खंड-ग में पाठ्यपुस्तक आरोह भाग-2 एवं वितान भाग-2 से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

**खंड- 'क' अपठित बोध** 18 **अंक**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

सनातन काल से ही भारत में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए योग द्वारा शरीर, मन और मस्तिष्क को पुष्ट किए जाने का उल्लेख मिलता है। इसलिए लोग नीरोग और दीर्घजीवी होते थे।

भारतीय संस्कृति और दर्शन किसी देश या जाति के लिए नहीं, अपितु समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए है। अतः भारतीय संस्कृति को सच्चे अर्थ में मानवता की संस्कृति कहा जा सकता है। योग हमें वैज्ञानिकता के साथ समग्र जीवन-शैली के प्रति जागरूक करता है, जिससे जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न होता है। साथ ही, इससे न केवल शांतिप्रिय जीवन पद्धति को बढ़ावा मिलता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के साथ मानवतापूर्ण संबंध स्थापित करने का संदेश भी प्राप्त होता है। भारत ने योग को हमेशा से सीमाए, संस्कृति और भाषा से ऊपर रखा है। इसे यदि सही तरीके से समझा जाए और नियमित अभ्यास किया जाए, तो कई समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। 'योग' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के 'युज्' शब्द से हुई है, जिसका तात्पर्य जोड़ना एवं एकीकरण करने से है। आध्यात्मिक स्तर पर जुड़ने का अर्थ है, आत्मा का सार्वभौमिक चेतना से मिलना और व्यावहारिक स्तर पर योग को शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने तथा सामंजस्य बनाए रखने का एक साधन माना जाता है।

कोरोना काल में न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर सभी ने योग की महत्ता को देखा और जाना कि योग तनाव घटाता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। यह प्राचीन विद्या है और जीवन को निरोगी रखने की एक दिव्य विद्या है। कोरोना काल में हम सभी ने अनुभव किया है कि योग हमें भयमुक्त, भाव में जीना सिखाता है। योग स्वस्थ और सुखी रहने के लिए अद्भुत प्रभावी विधि है, इसलिए घर-घर, हर घट, हर घाट पर योग होना चाहिए। योग सदाबहार है, रामबाण है, योग संजीवनी है। योग से तन स्वस्थ और मन विकार-मुक्त होता है। हम योग को एक टोल फ्री नम्बर की तरह उपयोग कर सकते हैं। जिस प्रकार टोल फ्री नम्बर को कोई भी, कहीं से, कभी भी डायल कर सकता है, उसी प्रकार योग भी है। जब तन-मन के लिए सच्चे मन से जागिए, तभी योग साकार हो जाता है। योग के माध्यम से हम जितने गहरे उतरेंगे, उतने शांत होंगे और पाएँगे कि अशांत करने वाले सारे तत्वों की धीरे-धीरे पहचान हो रही है और घने अँधेरे की जगह प्रकाश ले रहा है तथा जीवन निरंतर आनंदमय हो रहा है। समस्या शारीरिक हो या फिर पर्यावरण की, इनका समाधान है योग। आज बढ़ते प्रदूषण का समाधान केवल प्रकृतिमय जीवन पद्धति और सतत् तथा सुरक्षित विकास में निहित है। यह संदेश योग के माध्यम से जीवन में आता है। अतः योग को आत्मसात् कर हम स्वस्थ प्रकृतिमय जीवन जी सकते हैं।

**<u>सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न</u>** **3X1=3**

I. भारतीय संस्कृति को मानवता की संस्कृति कहे जाने का क्या आधार है ?

(क) समस्त मानव जाति को आश्रय देने की भावना (ख) संसार की सबसे प्राचीन संस्कृति होना

(ग) समस्त मानव जाति के प्रति कल्याण की भावना (घ) समस्त मानव जाति को योग की शिक्षा देना

II. आध्यात्मिक स्तर पर योग साधन है-

(क) आत्मा का सार्वभौमिक चेतना से मिलन का (ख) आत्मा का शरीर और मन से मिलन का

(ग) आत्मा का मन और मस्तिष्क से मिलन का (घ) आत्मा का व्यक्ति और समाज से मिलन का

III. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

कथन (I) योग तनाव घटाता है।

कथन (II) योग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है।

कथन (III) योग सभी समस्याओं का समाधान है।

कथन (IV) योग आत्मा और परमात्मा को जोड़ने का साधन नहीं है।

गद्यांश के अनुसार कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(क) केवल कथन (1) सही है। (ख) केवल कथन (III) सही है।

(ग) कथन (I) और (II) दोनों सही हैं। (घ) इनमें से कोई नहीं।

**<u>सोपान II. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न</u>** **1X1=1**

IV. कोरोना में लोगों को योग के कैसे महत्त्व का ज्ञान हुआ ?

**<u>सोपान III. लघुत्तरात्मक प्रश्न</u>** **3X2=6**

V. योग को संजीवनी क्यों कहा गया है ?

VI. गद्यांश के आधार पर प्राचीनकाल में लोगों के निरोग और दीर्घजीवी होने का क्या कारण था ?

VII. योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ और किसकी प्रेरणा देता है ?

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 8**

यह जीवन क्या है? निर्झर है, मस्ती ही इसका पानी है।
बढ़ता चट्टानों पर चढ़ता, चलता यौवन से मदमाता।
सुख-दुःख के दोनों तीरों से चल रहा राह मनमानी है।
लहरें उठती हैं, गिरती हैं, नाविक तट पर पछताता है,
कब फूटा गिरि के अंतर से ? किस अंचल से उतरा नीचे।
तब यौवन बढ़ता है आगे, निर्झर बढ़ता ही जाता है।
किस घाटी से बहकर आया समतल में अपने को खींचे।

निर्झर कहता है बढ़े चलो ! देखो मत पीछे मुड़ कर,
निर्झर में गति है जीवन है, वह आगे बढ़ता जाता है।
यौवन कहता है बढ़े चलो ! सोचो मत क्या होगा चल कर।
धुन एक सिर्फ़ है चलने की, अपनी मस्ती में गाता है।
चलना है केवल चलना है! जीवन चलता ही रहता है,
बाधा के रोड़ों से लड़ता, वन के पेड़ों से टकराता,
रुक जाना है मर जाना है, निर्झर यह झर कर कहता है।

**<u>सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न</u> 3X1=3**

I. कविता में कवि ने क्या सन्देश दिया है ?

निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए -

कथन (I): मस्त रहने का
कथन (II) : गतिशील रहने का
कथन (III): बाधाओं से लड़ने का
कथन (IV): पीछे मुड़कर देखने का

**विकल्प -**

(क) केवल कथन (1) सही है।
(ख) केवल कथन (II) सही है।
(ग) केवल कथन (I), (II) और (III) सही हैं।
(घ) केवल कथन (I), (II), (III) और (IV) सही हैं।

II. जीवन रूपी झरने के तट किसे कहा है ?

(क) सुख-दुःख
(ख) जन्म-मरण
(ग) अपने-पराए
(घ) धरती-आसमान

III. कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| I. जीवन की तुलना | **1.** मस्ती |
| II. जीवन का पानी | **2.** नाविक |
| III. तट पर पछताता | **3.** निर्झर से |

(क) I-(2), II-(1), III-(3) (ख) I-(1), II-(3), III-(2)

(ग) I-(1), II-(2), III-(3) (घ) I-(3), II-(1), III-(2)

**<u>सोपान II. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न</u>** **1X1=1**

IV. कवि ने जीवन को किसकी संज्ञा दी है ?

**<u>सोपान III. लघूत्तरात्मक प्रश्न-</u>** **2X2=4**

V. कवि ने जीवन की तुलना निर्झर से क्यों की है ?

VI. प्रस्तुत पद्यांश में यौवन की क्या विशेषता बताई गई है?

---

**खंड- 'ख' अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न** **22अंक**

---

**3. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक रचनात्मक लिखिए- 6**

(क) लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका

(ख) दिया और तूफान : मानव जीवन का सत्य

(ग) विज्ञापन और हमारा जीवन

**4. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए- 4X2=8**

I. पत्रकारिता में 'बीट' शब्द का क्या अर्थ है? बीट रिपोर्टर की रिपोर्ट कब विश्वसनीय मानी जाती है?

II. कहानी और नाटक में क्या-क्या समानताएँ होती हैं?

III. खोजी पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं?

IV. मुद्रित माध्यमों के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

V. रेडियो समाचार की संरचना कैसी होती है?

**5. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए- 2X4=8**

I. कहानी को नाट्य रूप में परिवर्तित करते समय उसे दृश्यों में क्यों विभाजित किया जाता है?

II. विशेष लेखन की विशेषज्ञता से आप क्या समझते हैं?

III. कहानी के नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है?

---

**खंड- 'ग'आरोह भाग -1 एंव वितान भाग -1 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर** **40 अंक**

---

**6. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 5X1=5**

एक और कोशिश

दर्शक

धीरज रखिए

देखिए
हमें दोनों एक संग रुलाने हैं
आप और वह दोनों
(कैमरा
बस करो
नहीं हुआ
रहने दो
परदे पर वक्त की कीमत है)
अब मुसकुराएँगे हम।

I. 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में कैमरा एक साथ क्या दिखाना चाहता है?

(क) सामान्य व्यक्ति की दुर्दशा और खुशी। (ख) समाचार और खेल।
(ग) नए और पुराने कार्यक्रम। (घ) दर्शक और अपाहिज दोनों रोते हुए।

II. कैमरे वाला किसको साथ-साथ रुलाना चाहता है?

(क) नायक-नायिका (ख) भाई-बहन
(ग) अपाहिज दर्शक (घ) सखा-सखी

III. परदे पर किस बात की कीमत है?

(क) दर्शक की (ख) वक्त की
(ग) प्रस्तुतकर्ता की (घ) अपाहिज की

IV. प्रस्तुतकर्ता 'बस करो नहीं हुआ रहने दो' क्यों कहता है?

(क) अपाहिज और दर्शक नहीं रोए। (ख) प्रस्तुतकर्ता और दर्शक नहीं रोए।
(ग) अपाहिज और प्रस्तुतकर्ता नहीं रोए। (घ) कैमरा खराब हो गया।

V. 'अब मुस्कुराएँगे हम' इस पंक्ति में 'हम' कौन है?

(क) दर्शक (ख) अपाहिज
(ग) दूरदर्शन वाले (घ) कवि

**7. काव्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 2X3=6**

(क) 'सबसे तेज़ बौछारें गयीं भादों गया' के बाद प्रकृति में जो परिवर्तन कवि ने दिखाया है, उसका वर्णन अपने शब्दों में करें।

(ख) 'अस्थिर सुख पर दुःख की छाया' - पंक्ति में 'दुःख की छाया' किसे कहा गया है और क्यों?

(ग) 'कवितावली' के छंदों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि तुलसीदास अपने समय की सामाजिक स्थितियों की अच्छी परख रखते थे। कैसे?

**8. काव्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- 2X2=4**

(क) बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे?

(ख) भ्रातृशोक में हुई राम की दशा को कवि ने प्रभु की नरलीला की अपेक्षा सच्ची मानवीय अनुभूति के रूप में रचा है। क्या आप इससे सहमत हैं? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(ग) उषा' कविता के आधार पर बताइए कि कविता में भोर के नभ को राख से लीपा, गीला चौका क्यों कहा गया है?

**9. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 5X1=5**

लेकिन इस बार मैंने साफ इंकार कर दिया। नहीं फेंकना है मुझे बाल्टी भर-भर कर पानी इस गंदी मेंढ़क-मंडली पर। जब जीजी बाल्टी भरकर पानी ले गई और बूढ़े पाँव डगमगा रहे थे, हाथ काँप रहे थे, तब भी मैं अलग मुँह फुलाए खड़ा रहा। शाम को उन्होंने लड्डू-मठरी खाने को दिए तो मैंने उन्हें हाथ से अलग खिसका दिया। मुँह फेरकर बैठ गया, जीजी से बोला भी नहीं। पहले वे भी तमतमाई, लेकिन ज़्यादा देर तक उनसे गुस्सा नहीं रहा गया। पास आकर मेरा सर अपनी गोद में लेकर बोलीं, "देख भइया रूठ मत। मेरी बात सुन। यह सब अंधविश्वास नहीं है। हम इन्हें पानी नहीं देंगे तो इंद्र भगवान हमें पानी कैसे देंगे?" मैं कुछ नहीं बोला, फिर जीजी बोली, "तू इसे पानी की बरबादी समझता है पर यह बरबादी नहीं है। यह पानी का अर्घ्य चढ़ाते हैं, जो चीज़ मनुष्य पाना चाहता है उसे पहले देगा नहीं तो पाएगा कैसे? इसलिए ऋषि-मुनियों ने दान को सबसे ऊँचा स्थान दिया है।"

I. लेखक ने मेंढक-मंडली पर पानी फेंकने से इंकार कर दिया क्योंकि-

(क) वह इसे पानी की बरबादी समझता था।

(ख) वह मेंढ़क-मंडली के लड़कों से कोई झगड़ा मोल नहीं लेना चाहता था।

(ग) वह किसी दूसरी मंडली पर पानी फेंकना चाहता था।

(घ) वह नहीं चाहता था कि वर्षा हो।

II. पानी से भरी बाल्टी ले जाते हुए जीजी के पाँव डगमगा रहे थे और हाथ काँप रहे थे क्योंकि-

(क) वह इंदर सेना पर पानी डालने से डर रही थीं।

(ख) उन्हें लेखक की बातों पर क्रोध आ रहा था।

(ग) वे बूढ़ी थीं और भारी बाल्टी मुश्किल से उठा पा रही थीं।

(घ) वे एक भीषण रोग से ग्रस्त थीं।

III. जीजी के अनुसार, मेंढ़क-मंडली पर पानी न डालने का क्या परिणाम होगा?

(क) मेंढ़क-मंडली के लड़के नाराज हो जायेंगे।

(ख) आस-पास रहने वाले लोग भी पानी डालना बंद कर देंगे।

(ग) भगवान इन्द्र रुष्ट हो जायेंगे और वर्षा नहीं होगी।

(घ) मेंढ़क-मंडली गली-गली घूमना बंद कर देगी।

IV. गद्यांश में प्रयुक्त शब्द 'अर्घ्य' का अर्थ है-

(क) आधा भाग (ख) पूजा में देने योग्य वस्तु

(ग) तरल पदार्थ (घ) तत्त्व

V. जीजी के लिए इंदर सेना पर पानी डालना किसके समान है?

(क) पानी व्यर्थ कर देना (ख) पानी दूषित कर देना

(ग) पानी को इस्तेमाल में लाना (घ) पानी दान कर देना

**10. गद्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 2X3=6**

(क) जीजी के व्यक्तित्व और विचारों पर गाँधीजी की छाप को 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'पहलवान की ढोलक' कहानी में लुट्टन पहलवान की ढोलक बजाने की जिद उसके व्यक्तित्व को कैसे प्रकट करती है?

(ग) भक्तिन द्वारा शास्त्र के प्रश्न को सुविधा से सुलझा लेने का क्या उदाहरण लेखिका ने दिया है?

**11. गद्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- 2X2=4**

(क) बाज़ार में भगत जी के व्यक्तित्व का कौन-सा सशक्त पहलू उभरकर आता है? क्या आपकी नज़र में उनका आचरण समाज में शांति स्थापित करने में मददगार हो सकता है?

(ख) रिश्तों में हमारी भावना-शक्ति का बँट जाना विश्वासों के जंगल में सत्य की राह खोजती हमारी बुद्धि की शक्ति को कमज़ोर करती है। पाठ में जीजी के प्रति लेखक की भावना के संदर्भ में इस कथन के औचित्य की समीक्षा कीजिए।

(ग) महामारी फैलने के बाद गाँव में सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य में क्या अंतर होता था?

**12. वितान के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए- 2X5=10**

(क) लेखक और दत्ता जी राव की शिक्षा-सम्बंधी सोच तथा लेखक के पिता के दृष्टिकोण का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए।

(ख) यशोधर बाबू की कहानी को दिशा देने में किशनदा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। आपके जीवन को दिशा देने में किसका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा और कैसे?

(ग) श्री सौंदलगेकर जी के अध्यापन की उन विशेषताओं को रेखांकित करें, जिन्होंने कविताओं के प्रति लेखक के मन में रुचि जगाई।

--------------------X----------------------